INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	Date -
लेखन कौशल	Topic – संवाद लेखन	Note: Pl. write in your note book.

संवाद लेखन

1. बहन और भाई के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए|

नेहा: (नाराज़ होकर) राहुल! तुमने मेरी पसंदीदा पेंसिल कहाँ रख दी?

राहुल: दीदी, मैंने तो उसे मेज़ पर रखा था।

नेहा: लेकिन अब वह वहाँ नहीं है। मुझे अपना काम पूरा करना है।

राहुल: अच्छा, रुको! मैं तुम्हारे साथ मिलकर ढूँढ़ता हूँ।

नेहा: (खुश होकर) देखो, वह तुम्हारी किताब के नीचे रखी है।

राहुल: अरे! मुझे पता ही नहीं चला। माफ़ करना दीदी।

नेहा: कोई बात नहीं। आगे से मेरी चीज़ें बिना पूछे मत लेना।

राहुल: ठीक है दीदी, अब से ध्यान रखूँगा।

.....

2. माँ और बेटी के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए|

माँ: रिया, तुम क्या कर रही हो?

रिया: माँ, मैं अपना गृहकार्य कर रही हूँ।

माँ: बहुत अच्छे! क्या तुम्हारा काम पूरा हो गया?

रिया: नहीं माँ, थोड़ा काम बाकी है।

माँ: ठीक है, पहले अपना काम पूरा करो।

रिया: जी माँ! उसके बाद मैं खेलने जाऊँगी।

माँ: शाबाश! हमेशा समय पर अपना काम करना चाहिए।

रिया: जी माँ, मैं ध्यान रखूँगी।

माँ: बेटा, अपना बैग भी रात को ही तैयार कर लेना।

रिया: ठीक है माँ, मैं आपका कहना ज़रूर मानूँगी।

.....

3. अध्यापक और छात्र के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए|

अध्यापक: रोहन, तुम आज देर से क्यों आए?

रोहन: माफ़ कीजिए सर, आज मैं देर से उठा था|

अध्यापक: ठीक है, आगे से समय पर आने की कोशिश करना।

रोहन: जी सर, मैं ध्यान रखूँगा।

अध्यापक: क्या तुमने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया है?

रोहन: जी सर, मैंने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया है।

अध्यापक: बहुत अच्छे! हमेशा समय पर अपना काम करना चाहिए।

रोहन: धन्यवाद सर! मैं आगे भी मेहनत करूँगा।

अध्यापक: शाबाश! अब अपना कक्षाकार्य शुरू करो।

रोहन: हाँ जी, सर!

.....